जनपद-संतकबीरनगर** **प्रेस विज्ञप्ति** **दिनाँक 15.10.2024

शान्ति भंग (170/126/135 बीएनएसएस) में 01 अभियुक्त गिरफ्तार

- *थाना महुली पुलिस द्वारा* 170 / 126 / 135 बीएनएसएस में 01 अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया।

पीआरवी आफ द डे

पीआरवी 6001 द्वारा दो पक्षो में मार पीट में घायल 03 व्यक्तियों को भेजवाया गया अस्पताल– पीआरवी 6001 को थाना कोतवाली खलीलाबाद क्षेत्रांतर्गत मोहदीनपुर से इवेंट सं0 33541 से कालर रामदुलार ने मो0न0 9793667481 से किसी बात को लेकर दो पक्षों में मारपीट/विवाद होने से 03 व्यक्तियों (01-जोगिन्दर मौर्य पुत्र पडोही, 2- ओमप्रकाष पुत्र पड़ोही, 3- बब्लू मौर्य पुत्र ओमप्रकाष, ग्राम मोहदीनपुर थाना कोतवाली खलीलाबाद जनपद संतकबीरनगर) के घायल होने के सम्बन्ध में सूचना दिया, सूचना मिलते ही पीआरवी कर्मियों द्वारा घटना स्थल पर समय से पहुंचकर विवाद को शान्त कराकर मारपीट में घायल हुए व्यक्तियों को इलाज हेतु एम्बुलेंस 108 की सहायता से जिला अस्पताल भेजवाया गया तथा घटना के सम्बन्ध में थाना कोतवाली खलीलाबाद को अवगत कराया गया। पीआरवी कर्मियों की सतर्कता एवं सुझबूझ से घटना स्थल पर समय से पहुंचकर मारपीट में घायल हुए व्यक्तियों को इलाज हेतु अस्पताल भेजवाया गया, जिसकी स्थानीय व्यक्तियों द्वारा सराहना की गई।

पीआरवी स्टाफ- हे0का0 कर्मवीर सिंह , का0 विपिन मिश्रा, हो0चा0 राकेश पाण्डेय।

मोटर वाहन अधिनियम के अन्तर्गत 35 वाहनों से 37,500 रु0 सम्मन शुल्क वसूल किया गया

आज दिनांक 15.10.2024 को जनपद संतकबीरनगर के सभी थाना क्षेत्रो मे बैंक / वाहन / संदिग्ध व्यक्तियो की चेकिंग के दौरान समस्त प्रभारी निरीक्षक / थानाध्यक्ष / प्रभारी यातायात द्वारा मोटर वाहन अधिनियम के अन्तर्गत कड़ी कार्यवाही करते हुए 35 वाहनों से 37,500 रु0 सम्मन शुल्क वसूल किया गया।

संतकबीरनगर पुलिस द्वारा आपरेशन त्रिनेत्र अभियान के तहत जनसहयोग से 05 स्थानों पर लगवाये गये 17 सीसीटीवी कैमरे

श्रीमान अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन गोरखपुर द्वारा चलाये जा रहे ***आपरेशन त्रिनेत्र*** हर घर कैमरा अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक संतकबीरनगर ***श्री सत्यजीत गुप्ता*** के निर्देशन में आज दिनांक 15.10.2024 को संतकबीरनगर पुलिस द्वारा जनसहयोग से 05 स्थान पर 17 सीसीटीवी कैमरें लगवाये गये। थाना धनघटा पुलिस द्वारा 01 स्थान पर 01 कैमरा, थाना महुली पुलिस द्वारा 01 स्थान पर 04 कैमरा, थाना बखिरा पुलिस द्वारा 01 स्थान पर 03 कैमरा, थाना बेलहरकला पुलिस द्वारा 01 स्थान पर 04 कैमरा, थाना धर्मसिंहवा पुलिस द्वारा 01 स्थान पर 05 कैमरा लगवाकर सराहनीय कार्य करने वाले व्यक्ति को माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया। संतकबीरनगर पुलिस द्वारा आपरेशन त्रिनेत्र अभियान के तहत जनसामान्य से अपील किया जा रहा है कि वे अपने अपने घरों, कालोनियों व व्यवसायिक प्रतिष्ठानों पर सीसीटीवी कैमरें जरुर लगवाएं और कम से कम एक कैमरे से सड़क पर भी निगरानी रखें, जिससे कि अपराधिक व असामाजिक तत्वों पर निगरानी रखी जा सके, आपका यह छोटा सा प्रयास कानून व्यवस्था बेहतर करने में बहुत कारगर होगा।